Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Need to constitute Railway Recruitment Board in Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले : उपाध्यक्ष महोदय, सन् 2001 के पहले मध्य प्रदेश राज्य में छत्तीसगढ़ राज्य था। मध्य प्रदेश राज्य और छतातीसगढ़ राज्य अलग होने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य में रेलवे जोन की स्थापना राजपुर जिले में हुई और जोनल ऑफिस बना। जोनल ऑफिस बनने के बाद रेलवे बोर्ड की आवश्यकता है। रेलवे भर्ती बोर्ड में गैंगमैन, फोरमैन, पोर्टर्स वगैरह या टिकट कलैक्टर व अन्य पदों में प्रथम क्लॉस को छोड़कर सैंकेड और चतुर्थ श्रेणी के पदों की भर्ती होती रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के बनने से अन्य राज्य में कई केन्द्रीय भर्ती बोर्ड हैं लेकिन छत्तीसगढ़ में नहीं है। मैं केन्द्रीय सरकार से मांग करना चाहूंगा कि जो नया छत्तीसगढ़ राज्य बना है जिसकी राजधानी रायपुर है और बिलासपुर रेलवे जोन का मुख्यालय है। अत: बिलासपुर जिले में रेलवे जोन में रेलवे भर्ती बोर्ड का गठन किया जाए जिससे कि वहां छत्तीसगढ़ के एससी, एसटी और पिछड़े वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक नौकरी मिले और वे अपने जीवन को सफल बनाएं तथा उन्नति करें।